संपादकः-रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 51 | मेरठ, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

# औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें श्रमिक: योगी

## आधुनिक तकनीक व रोजगार सृजन से बदलेगी प्रदेश की तस्वीर, सुरक्षा, सुशासन व पारदर्शिता से मजबूत हुआ नया उत्तर प्रदेश

» संवाददाता

मुजफ्फरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ लोग इसके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के श्रमिकों से अपील की कि वे औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें और उनके प्रयासों को किसी भी कीमत पर सफल न होने दें। डबल इंजन सरकार विकास व विरासत की यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा रही है, जिसमें श्रमिकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। सरकार एक ओर जहां आधुनिक तकनीक, रोजगार और निवेश को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने भरोसा दिलाया कि औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित रहेगी, ताकि प्रदेश में शांति, स्थिरता और समृद्धि का वातावरण बना रहे।



मुजफ्फरनगर में सोमवार को 951 करोड़ की 423 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षा, सुशासन और सेवा का एक मजबूत मॉडल प्रस्तुत कर रही है। लेकिन जब प्रदेश विकास और शांति की ओर अग्रसर है, कुछ लोग षड्यंत्र के तहत अशांति फैलाने की चेष्टा कर रहे हैं। सीएम ने सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कार्मिकों व श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि वे याद करें, कोरोना काल में सरकार किस तरह उनके साथ खड़ी रही। उस कठिन समय में सरकार ने श्रमिकों के लिए परिवहन, क्वारंटीन और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की, उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचाया। औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी उद्योगों से भी इस संबंध में अपील करता हूं कि वे श्रमिकों और कार्मिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। सरकार उद्यमियों को सुरक्षा देगी और हर श्रमिक को संरक्षण भी प्रदान करेगी, साथ ही उनका उचित मानदेय सुनिश्चित करेगी। हमने गत वर्ष ही एक कॉरपोरेशन का गठन कर दिया है और इसी महीने उसकी सिफारिशें लागू होने वाली हैं। इसके तहत चाहे सफाई कर्मचारी हो या आउटसोर्सिंग पर कार्य करने वाला कोई भी युवा, उसे न्यूनतम मानदेय की गारंटी मिलेगी। सरकार द्वारा निर्धारित राशि सीधे उसके खाते में जाएगी, कोई भी बिचौलिया उसके हक पर डकैती नहीं डाल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था केवल सरकारी विभागों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अगले चरण में इसे औद्योगिक संस्थानों में भी लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि हर श्रमिक को सामाजिक सुरक्षा मिल सके। हमने शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों, आंगनबाड़ी और आशा वर्करों को भी 5 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की है। आगे बीमा कंपनियों के साथ मिलकर यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक श्रमिक को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे शुकदेव की इस पावन धरा पर, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी व चौधरी अजीत सिंह जी की कर्मभूमि पर आज यहां लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की दिव्य प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त हुआ है।

# हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब : मोदी



» एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए महिलाओं के सशक्तीकरण को 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि देश एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां महिला शक्ति को समर्पित बड़ा फैसला लिया जाने वाला है। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश में बैसाखी का उत्साह है और कल देश के अलग-अलग हिस्सों में नववर्ष भी मनाया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर जलियांवाला बाग नरसंहार के वीर बलिदानियों को भी श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "देश की विकास यात्रा के इन अहम पड़ावों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि यह निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है, नारी शक्ति वंदन को समर्पित है।"

उन्होंने कहा कि भारत की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा इतिहास जो अतीत के संकल्पों को साकार करेगा और भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत की कल्पना, जहां सामाजिक न्याय सिर्फ नारा न होकर कार्यसंस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा बने।

प्रधानमंत्री ने बताया कि 16, 17 और 18 अप्रैल के दिन दशकों से चली आ रही महिला आरक्षण की प्रतीक्षा के अंत के रूप में देखे जा रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के रूप में पहला कदम उठाया गया था।

उन्होंने कहा कि इस कानून को समय पर लागू करने और लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत बनाने के लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक आयोजित की जा रही है। इस सम्मेलन को उन्होंने देशभर की महिलाओं के आशीर्वाद प्राप्त करने का माध्यम भी बताया। उन्होंने कहा, "मैं यहां किसी को उपदेश देने नहीं आया हूं, मैं सिर्फ देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं।"

# नारी शक्ति वंदन -महिलाएं अब निर्णय लेने की प्रक्रिया का मुख्य हिस्सा- रेखा

» एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में सोमवार को विज्ञान भवन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' नारी के बढ़ते आत्मविश्वास, सामर्थ्य और राष्ट्र निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश की तरक्की, विकास और दुनिया में भारत की पहचान बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई दूरदर्शी नीतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया और उनका धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि सती प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक चुनौतियों को पार कर आज की नारी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। एक दौर था जब बेटियों के अस्तित्व पर संकट था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' से कहीं आगे बढ़कर 'बेटी बढ़ाओ' के युग में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्ष 2014 के बाद आए बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की हर योजना के केंद्र में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को रखा गया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने शौचालयों, उज्ज्वला योजना से मिली धुआं-मुक्त रसोई और जनधन खातों के जरिए मिली आर्थिक स्वतंत्रता को महिला गरिमा के लिए मील का पत्थर बताया।

## कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी, हम डरेंगे नहीं: राहुल गांधी

» एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां पर लगाए गए आरोपों के बाद दर्ज हुई एफआईआर मामले में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा का समर्थन किया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम डरेंगे नहीं। कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में असम के मुख्यमंत्री को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि सरमा अपने राजनीतिक विरोधियों और आलोचकों को परेशान करने के लिए अपनी मुख्यमंत्री की सरकारी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री की पत्नी पर जो आरोप लगाए हैं, उनकी जांच होनी चाहिए।

# देश की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नेतृत्व का परिणाम : राजनाथ

» एजेंसी। लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि देश की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा उनके नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद केंद्र सरकार ने एलपीजी आपूर्ति को कुशलता से संभाला है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'अन्य देशों में भारत को लेकर धारणा में बहुत बड़ा बदलाव आया है।' उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की त्वरित निर्णय क्षमता और देश के नागरिकों के योगदान को श्रेय दिया।

उन्होंने कहा, '2014 में 'फ्रैजाइल फाइव' अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत आज शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।' पश्चिम एशिया संघर्ष का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'इस संकट के दौरान भारत ने बहुत संतुलित भूमिका निभाई है।' उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के कारण सभी देशों को एलपीजी और ईंधन आपूर्ति में बाधा का सामना करना पड़ा है, लेकिन भारत में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहा है।



उन्होंने कहा, लगभग सभी देशों में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुशलता से देश का संचालन किया है, जिससे नागरिकों को इस संकट के प्रभाव से बचाया जा सका है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक शांति वार्ता सफल नहीं होती, तब तक अनिश्चितताएं बनी रह सकती हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की कूटनीतिक उपलब्धि इस बात से समझी जा सकती है कि संघर्ष क्षेत्र से भारत के एलपीजी टैंकर नियमित रूप से सुरक्षित रूप से निकल रहे हैं। इससे पहले दिन में उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा संग्रहालय का दौरा किया और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल की यादों को ताजा किया।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'आज मुझे उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास और लोकतांत्रिक परंपराओं को नए रूप में समझने का अवसर मिला। परिसर में बना ऑडियो-विजुअल संग्रहालय इस विरासत को बहुत प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करता है।' उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादों की एक विशेष यात्रा जैसा था।

उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा की सराहना करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए लगातार अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे इस संग्रहालय का एक बार अवश्य दौरा करें और इस पहल के लिए उत्तर प्रदेश सरकार तथा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को बधाई दी।

## सम्पादकीय

### श्रमिक अशांति

कोरोना संकट के बाद पटरी पर लौटती वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को दुनिया के कई भागों में जारी युद्ध व संघर्ष ने फिर पटरी से उतार दिया है। महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा मानवता और आम आदमी के जीवन पर भारी पड़ी है। यूक्रेन युद्ध ने दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं और यूरोप की ऊर्जा आपूर्ति को बाधित जरूर किया, लेकिन उसका असर उतना व्यापक नहीं था, जितना खाड़ी युद्ध का रहा है। जाहिरा तौर पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से आम आदमी के जीवन पर बहुत नकारात्मक असर पड़ा है। बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की जीवन शैली व थाली पर गहरा प्रभाव डाला है। अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों और इस्राइल की आक्रामकता से उपजे खाड़ी संकट ने एशिया ही नहीं, बल्कि यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को संकट में डाल दिया है। संयुक्त राष्ट्र की विफलता के चलते आज दुनिया में 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' वाली कहावत चरितार्थ हुई है। जिसका सीधा असर महंगाई वृद्धि के रूप में सामने आया है। एक ओर ईंधन संकट और उससे बुरी तरह प्रभावित जनजीवन आक्रोश का कारक बना है। विडंबना यह है कि इस महंगाई के बीच कामगारों के वेतन सिकुड़ने लगे हैं। जीवनयापन कठिन होते और कोई समाधान न निकलते देख श्रमिकों का आक्रोश सड़क तक पहुंचने लगा है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के नोएडा में फैक्ट्रियों के श्रमिकों द्वारा किया गया हिंसक प्रदर्शन इस संकट की परिणति ही है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा की औद्योगिक नगरी मानेसर में भी पुलिस व श्रमिकों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें आई हैं। ये टकराव भारतीय औद्योगिक तंत्र की विसंगतियों की ही याद दिलाते हैं। इस तरह के हिंसक संघर्ष हमारी कानून-व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करते हैं। वहीं बताते हैं कि श्रमिक वर्ग, उद्योग और राज्य सरकार के बीच कहीं न कहीं संवाद की कमी है। यही वजह है कि वेतन बढ़ाने की मांग के समर्थन में शुरू हुआ मार्च कालांतर आगजनी, तोड़फोड़ व यातायात बाधित करने में तब्दील हो गया। निश्चित तौर पर समय रहते इस श्रमिक असंतोष को भांपते हुए बेहतर ढंग से संवाद किया जाता तो शायद टकराव की स्थिति पैदा न होती। दरअसल, सरकारों की तरफ से तो कहा जा रहा है कि देश में ईंधन व गैस आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं है, लेकिन जमाखोरी व प्रशासन की उदासीनता से इसकी कालाबाजारी जारी है। श्रमिक वर्ग जो छोटे गैस सिलेंडरों से जीवन-यापन करता था, उसमें व्यवधान पैदा हो गया। नियंत्रित गैस आपूर्ति से छोटे गैस सिलेंडर भरने का धंधा ठप हो गया।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का शक्ति प्रदर्शन

### मांगें न मानी गईं तो राजधानी लखनऊ में बड़े आंदोलन की चेतावनी

» संवाददाता



गाजियाबाद। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में सोमवार को गाजियाबाद में शिक्षकों का बड़ा शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के नेतृत्व में जिले भर से आए हजारों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर शांतिपूर्ण जुलूस निकाला और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार से अधिनियम में संशोधन कर लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को राहत प्रदान करने की मांग की। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद देशभर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के बीच असमंजस और चिंता का माहौल बना हुआ है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि सभी सेवारत शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने और पदोन्नति प्राप्त करने हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। विशेष रूप से 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी यह अनिवार्यता लागू किए जाने को लेकर शिक्षक संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि नियुक्ति के समय ऐसी कोई शर्त लागू नहीं थी, इसलिए अब वर्षों बाद नियम बदलना उनके साथ अन्याय है। इसी मुद्दे को लेकर देशभर के 12 शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया है। महासंघ के महासचिव डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि हजारों शिक्षक पिछले कई वर्षों से ईमानदारी और समर्पण के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों पर अचानक नई परीक्षा की अनिवार्यता थोपना न केवल अनुचित है बल्कि उनके मनोबल को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि शिक्षकों के अनुभव, सेवा अवधि और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नियमों में आवश्यक संशोधन किया जाए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने बताया कि गाजियाबाद जिले के विभिन्न ब्लॉकों से बड़ी संख्या में शिक्षक जुलूस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी टकराव के लिए नहीं बल्कि न्यायपूर्ण समाधान के लिए किया जा रहा है। शिक्षकों ने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाई, जिससे यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि शिक्षक अपने अधिकारों को लेकर गंभीर हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दर्शन बंसल ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता से हजारों अनुभवी शिक्षकों का भविष्य असमंजस में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का आधार अनुभव और व्यवहारिक ज्ञान होता है, जिसे केवल एक परीक्षा के आधार पर नहीं आंका जा सकता। जुलूस का मुख्य उद्देश्य सरकार का ध्यान शिक्षकों के साथ हो रहे कथित अन्याय की ओर आकर्षित करना था। अटेवा के जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा ने आंदोलन को व्यापक बताते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन मांगें पूरी न होने पर प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने चेतावनी दी कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर अगला चरण राजधानी लखनऊ में आयोजित किया जाएगा, जहां प्रदेशभर के शिक्षक एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे।

# भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने निकाला मशाल जुलूस



» संवाददाता

बड़ौत। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ बागपत द्वारा टीईटी अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकाला। जुलूस नगर के महाराजा अग्रसेन चौक, बिनौली रोड, बड़ौत से शुरू होकर संविधान पार्क, नगर पालिका बड़ौत तक पहुंचा। जहां भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार डां भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें नमन किया। वहीं जलियांवाला बाग के महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जुलूस के दौरान उन्होंने संविधान, समानता एवं अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण व अधिकारों के लिए संघर्ष की प्रेरणा ली। वक्ताओं ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का निर्णय शिक्षकों के हितों के विपरीत है, जिसे पुनर्विचार हेतु सरकार तक पहुंचाया जाएगा। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस विषय में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस मौके पर हरेंद्र कुमार तोमर जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ, लोकेश शर्मा जिला महामंत्री, कुलदीप तोमर कार्यकारी अध्यक्ष, रवीश मान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विकास कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, हरेंद्र दीक्षित ब्लॉक अध्यक्ष, गजेंद्र में ब्लॉक मंत्री मौजूद रहे।

## एसडीएम ने मनोनीत पांच सभासदों को दिलाई शपथ

» संवाददाता

गाजियाबाद। लोनी एसडीएम ने नगर पालिका परिषद परिसर में शासन द्वारा मनोनीत पांच सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। लोनी नगर पालिका परिषद में शासन की ओर से आरसी अग्रवाल, प्रशांत कुमार ठाकुर, सुदेश भारद्वाज, विपिन कसाना और राहुल बैंसला को सभासद मनोनीत किया गया हैं। एसडीएम दीपक सिघंनवाल ने सोमवार को पांचों मनोनीत सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## एमएमजी के डाटा ऑपरेटर दीपक की सेवाएं समाप्त

» संवाददाता

गाजियाबाद। एमएमजी अस्पताल में ड्यूटी पर शराब पीकर काम करने के आरोप में डाटा ऑपरेटर दीपक कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। अस्पताल प्रशासन ने ऑउटसोर्सिंग कंपनी को पत्र लिखा था। अस्पताल प्रबंधन को ड्यूटी के समय दीपक कुमार के व्यवहार को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इसके बाद जांच की गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने आउटसोर्सिंग कंपनी को पत्र लिखकर संबंधित कर्मचारी को हटाने के निर्देश दिए थे।

## डीजे कालेज के फिर कार्यवाहक प्राचार्य ने दिया त्यागपत्र

» संवाददाता

बड़ौत। दिगंबर जैन कॉलेज शिक्षक संघ की बैठक में कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. दीपक चन्द्र मौर्य ने प्राचार्य पद से त्यागपत्र देने पर विचार किया गया। शिक्षकों ने कहा कि कालेज के वरिष्ठता क्रम में प्रो. डीसी. मौर्य के बाद प्रो. विजयपाल सिंह, विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग तथा प्रो. राजीव कुमारविभागाध्यक्ष गणित विभाग में किसी को प्राचार्य पद का प्रभार दिया जाना चाहिए।

# गैस एजेंसी की आईडी बंद, कनेक्शन अन्य एजेंसियों में स्थानांतरित

» संवाददाता

छपरौली। कस्बा छपरौली स्थित एचपी गैस एजेंसी की आईडी बंद किए जाने से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं में असमंजस में डाल दिया गया। एपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। एचपी गैस कंपनी द्वारा प्रशासनिक कारणों के चलते एजेंसी की आईडी निष्क्रिय कर दी गई है। इसके चलते एजेंसी से जुड़े सभी उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन अन्य अधिकृत एजेंसियों में स्थानांतरित किए जा रहे हैं, ताकि आपूर्ति व्यवस्था को जल्द सामान्य किया जा सके। खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि छपरौली गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के कनेक्शन प्रियंका गैस एजेंसी एलम जनपद शामली तथा ओजस गैस एजेंसी बड़ौत में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उधर, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि छपरौली में पहले से ही गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई थी, जिसके चलते उपभोक्ताओं को सुबह से लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता था।

अब एजेंसी बंद होने से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। इसको लेकर कुछ उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में विरोध जताते हुए हंगामा भी किया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जिन एजेंसियों में उनके कनेक्शन ट्रांसफर किए गए हैं, वे छपरौली से लगभग 20 से 25 किलोमीटर दूर स्थित हैं। ऐसे में गैस सिलेंडर लेने के लिए आने-जाने में समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे, जिससे आम लोगों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ेगी। अधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं की सूची एजेंसी के गोदाम पर चस्पा की जाएगी। नई एजेंसियों के माध्यम से शीघ्र ही गैस आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# शराब ठेके के आवंटन के विरोध में प्रदर्शन

» संवाददाता

बागपत। गांव में देशी शराब के ठेके का आवंटन करने के विरोध में सोमवार को चमरावल के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी कर गांव में शराब के ठेके का आवंटन निरस्त कराने की मांग की। उनका कहना था कि गांव में 2001 में देसी शराब पीने से आठ लोगों की मौत हो गई थी। तब से गांव में शराब के ठेके का आवंटन नहीं हुआ है। शराब के ठेके के विरोध में गांव के लोगों ने रविवार देर शाम भी गांव में हंगामा-प्रदर्शन किया था। उन्होंने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। डीएम ने ग्रामीणों को दो दिन में समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान केशव त्यागी ने बताया कि गांव में कॉलेज के पास देसी शराब के ठेके का आवंटन किया गया है। जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के साथ छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को कॉलेज आने-जाने में असुरक्षा का सामना करना पड़ेगा। गांव मे 1997 में भी शराब के ठेका का आवंटन किया गया था, जिसका गांव के युवाओं और बच्चो पर गलत प्रभाव पड़ा था। गांव में देसी शराब पीने से लगभग 8 लोगों की मौत हो चुकी है। गांव के सभी लोग गांव में आवंटित किए गए शराब के ठेके का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने डीएम से गांव में आवंटित किए गए देसी शराब के ठेके को निरस्त करने की मांग की। ग्राम प्रधान ने बताया कि डीएम अस्मिता लाल ने उन्हें दो दिन में समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अवनीश कुमार, संजय, कनक सिंह, सुबोध, सुरेश समेत काफी महिला व पुरूष मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

» संवाददाता

बागपत। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति के सम्मान, सशक्तिकरण और भागीदारी बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला, मंडल व बूथ स्तर तक महिलाओं के साथ संवाद, नारी शक्ति सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, लेख लिखवाना, नारी शक्ति दीवार, मिस्ड कॉल अभियान, बाइक स्कूटी रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कला प्रदर्शनी, स्थानीय निकायों की भागीदारी, नारी शक्ति मार्च, नारी शक्ति विजय दौड़ एवं प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना, लखपति दीदी योजना व महिला कल्याण की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सफल बनाने और अधिक से अधिक मातृशक्ति की भागीदारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजीव राठी, लता सिसौदिया, जिला महामंत्री अमित चौधरी, अजय शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, जिला मंत्री योगेश गुर्जर, सुंदर धामा, नवीन प्रधान, दीपा त्यागी, मिनाक्षी सिसौदिया, मंजीत कौर, राखी राजपूत, सुनील मेवला, सुनिता यादव, काजल तोमर, सुनील दीक्षित, प्रभात तोमर, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा मौजूद रहे।

# कृषि विवि में प्लिसमेंट ड्राइव का आयोजन

## मॉक इंटरव्यू, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा कम्युनिकेशन स्किल पर ध्यान देने की आवश्यकता: डॉ. त्रिवेणी

» संवाददाता



मेरठ। सरदार वल्लभ भाई पटेल, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज कुलपति डॉ त्रिवेणीदत्त के दिशा निर्देशन में प्लिसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ त्रिवाणी दत्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो कृषि विश्वविद्यालय में शत % प्लेसमेंट पर ध्यान दें, जिससे छात्रों को उच्च कोर्ट के प्लेसमेंट हो सकें। इसके लिए उन्होंने मॉक इंटरव्यू, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा कम्युनिकेशन स्किल को और अधिक स्ट्रांग करने और ध्यान देने की आवश्यकता बताए कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने डायरेक्टेट ट्रेनिंग एंड प्लिशमेंट के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को रोजगार परक कौशलों से जोड़ना और उन्हें उपयोग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना होगा। उन्होंने कहा की प्लेसमेंट गतिविधियों, उसे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार की दिशा में मजबूत आदर प्रदान हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि आगे भी विभिन्न कंपनियों से समन्वय स्थापित कर ऐसे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए आज कृषि विश्वविद्यालय में ज्वारी ग्रुप लिमिटेड के अंतर्गत गोविंद शुगर मिल लखीमपुर खीरी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइवर का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में ग्रेजुएट एग्रीकल्चर ट्रेनिंग के लिए शुगर केन डिपार्टमेंट के 34 छात्र छात्राओं में से 11 छात्रों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया था।

जिसका साक्षात्कार आज ऑनलाइन डायरेक्टेड ट्रेनिंग और प्लेसमेंट में आयोजन किया गया ज्वारी ग्रुप लिमिटेड गोविंद शुगर मिल लखीमपुर खीरी की कंसंटेंट फाजिया तारुणम ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को शुगर मिल द्वारा किए जा रहे क्रियाकलापों तथा शुगर मिल की उपयोगिता और किसानों के बीच आ रही चुनौतियों के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने शुगर की बढ़ती ही मांग और उसकी खपत और बाई प्रोडक्ट के बारे में भी विस्तार से छात्र छात्राओं को समझाया। कंपनी द्वारा दो बजे 6 बजे तक इन्टरव्यू का आयोजन किया गया। इस इंटरव्यू में निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट, डॉक्टर आरएस सेंगर, एसोसिएटडायरेक्टर ट्रेनिंग प्लेसमेंट डॉ संजीव कुमार गुप्ता मौजूद रहे और उन्होंने प्रोग्राम को कोआर्डिनेट करके सभी का स्वागत और धन्यवाद दिया। इस दौरान चार छात्रों का कंपनी ने कंपनी द्वारा चयन किया गया।

## एमआईईटी कॉलेज में टीबी उन्मूलन पर जागरूकता अभियान

» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को एलएलआरएम टीबी यूनिट द्वारा मेरठ के एमआईईटी कॉलेज में क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को टीबी के प्रति जागरूक करते हुए इसके लक्षण, जांच और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर शबाना बेगम ने विद्यार्थियों को बताया कि टीबी की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क की जाती है। यदि किसी व्यक्ति में टीबी की पुष्टि होती है तो उसका इलाज भी सरकार द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पूरी तरह मुफ्त कराया जाता है। साथ ही उपचार अवधि के दौरान भारत सरकार की ओर से मरीज के खाते में 1000 प्रतिमाह डीबीटी (DIRECT BENEFIT TRANSFER) के माध्यम से दिए जाते हैं। इस दौरान डॉ. विजय प्रताप (मेडिकल ऑफिसर, एलएलआरएम टीबी एवं चेस्ट विभाग) ने टीबी के लक्षण, उपचार और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी दी। उन्होंने सभी से टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## आईआईएमटी विश्वविद्यालय में बी.टेक छात्रों को दी भावभीनी विदाई



» संवाददाता

मेरठ। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बी.टेक अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देना और उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को संजोना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज सिंह व सभी एचओडी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और अपने ज्ञान का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। फेयरवेल पार्टी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें नृत्य, गीत, कविता पाठ और मनोरंजक खेल शामिल थे। छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और कॉलेज में बिताए गए समय को याद कर भावुक क्षण भी देखने को मिले।

## मेरठ कॉलेज में सजेगा मूट कोर्ट का मंच

» संवाददाता

मेरठ। विधि संकाय, मेरठ कॉलेज, द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता में विधि विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण दुबलिश एवं मूट कोर्ट समिति के सदस्यगण, जिनमें प्रो. अंजलिमित्तल, प्रो. के.के. मित्तल, प्रो. हरिशंकर राय, प्रो. अनुराग सिंह एवं प्रो. एम.पी. वर्मा शामिल रहे और विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों को 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। समिति द्वारा अवगत कराया गया कि यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता देशभर के विधि छात्रों को एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगी, जहाँ वे वास्तविक अदालत के पर्यावरण में दिये गये मूट कोर्ट समस्या पर अपनी वकालत कौशल, विधिक रिसर्च, मौखिक जिरह की प्रेक्टिकल क्षमता का प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को न्यायालयी कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उन्हें एक सक्षम विधि व्यवसायी के रूप में विकसित करना है। इस प्रतियोगिता में देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों एवं अन्य प्रतिष्ठित विधि संस्थानों की लगभग 30 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

## के. एल. स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। के एल इंटनेशनल स्कूल में मिशन शक्ति के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा एंव सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सीडीओ की ओर से पुरस्कार वितरित किए गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल एवं बी.एस.ए आशा चौधरी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण, सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को उनकी कक्षा के अनुसार तीन वर्गों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग टॉपिक दिए गये। जिसमें -मेरे सपनों की उड़ान, मेरी माँ-मेरा गर्व, बढ़ेगी बेटी-बढ़ेगा देश, नारी शक्ति-देश की शक्ति, सशक्त नारी-सशक्त भारत आदि निर्धा रित किए गए। विद्यार्थियो ने अपनी कल्पना व विचारों को रंगों और तूलिका के माध्यम सेउत्साह पूर्वक कैनवास पर दर्शाया।

इस दौरान कला विभाग से संबंधित विशेषज्ञों की निर्णायक टीम में प्रो.अलका तिवारी, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. दिव्या एवं श्री संजीव कुमार भी मौजूद रहे। जिन्होंने आपसी सहमति वह मानकों के अनुसार प्रत्येक वर्ग से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता घोषित किए।

## मेरठ के पवन तोमर बने यूपी फुटबॉल टीम के चयनकर्ता

» संवाददाता

मेरठ। मेरठ के पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी पवन तोमर को उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें उत्तर प्रदेश फुटबॉल टीम के चयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया है। इस उपलब्धि पर मेरठ के वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों ने पवन तोमर को सम्मानित किया। वहीं मेरठ फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी। सम्मान समारोह के दौरान पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी दिवाकर ओझा, शैलेंद्र पवार, हेमंत गॉड, अरशद खान, लव पाल सिंह, राहुल सिंह और बॉबी कुमार समेत कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

## शबद कीर्तन फेरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

» संवाददाता

मेरठ। गुरु ग्रंथ साहिब प्रचार सोसाइटी के तत्वावधान में गुरु पंथ गुरुग्रंथ सप्ताह के अंतर्गत खालसा सृजना दिवस की पूर्व संध्या पर अलौकिक शबद कीर्तन फेरी निकाली गई। शबद कीर्तन फेरी थापर नगर गुरुद्वारे से शुरू होकर सोतीगंज गली, सोतीगंज बाजार, दिल्ली रोड, गली नंबर सात और गली नंबर दो से होते हुए वापस गुरुद्वारे पर सम्पन्न हुई।

शब्द कीर्तन फेरी में सबसे आगे गुरु के सिंह निशान साहिब लेकर चल रहे थे। सुसज्जित वाहन के पीछे कीर्तनी जत्थे विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ भजन कीर्तन कर रहे थे। संचालन हरविन्द्र सिंह, जसप्रीत सिंह रिम्मी और भुपिन्द्र कौर ने किया।

सरदार रणजीत सिंह जस्सल ने संगत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर सिखों को सिंह की पहचान दी, जिस पर प्रत्येक सिख को गर्व होना चाहिए। बताया कि बैसाखी पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा थापरनगर से वाहनों का खालसा चेतना मार्च निकलेगा, जो पंज प्यारे भाई धर्म सिंह के जन्मस्थान सैफपुर पहुंचेगा। वहीं रात्रि में थापरनगर स्थित गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन समागम होगा, जिसमें स्वर्ण मंदिर से आए कीर्तनी जत्थे द्वारा शबद कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।

## ऋषभ क्रिकेट एकड़ेमी और आईटीआई क्रिकेट एकड़ेमी ने जीते अपने-अपने मुकाबले

» संवाददाता



मेरठ। आईटीआई साकेत के मैदान पर खेले गए मुकाबले में सोमवार को ऋषभ क्रिकेट एकडेमी और आईटीआई क्रिकेट एकडेमी ने अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में ऋषभ क्रिकेट एकडेमी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

ऋषभ क्रिकेट एकडेमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए। उनकी ओर से सागर ने 41 रन, धैर्य ने 42 रन, ऋतिक में 39 रन और दक्ष ने 38 रन बनाए। गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकडेमी की ओर से गेंदबाजी में अनमोल, केशव और रिहान ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकडेमी की टीम 19.5 ओवर में 175 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। उनकी ओर से देव शर्मा ने 49 रन, समीर ने 41 रन और अरनव और भाविक ने 35-35 रनों का योगदान दिया। ऋषभ क्रिकेट एकडेमी की ओर से वैभव ने चार विकेट लिए जबकि आरव ने तीन और आदित्य ने दो विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में ऋषभ क्रिकेट एकडमी सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

टीम ने 22.5 ओवर में 201 रन बनाए और पूरी टीम आउट हो गई। उनकी ओर से दिव्यराज ने 45 रन, आदित्य ने 43 रन, रोनित ने 39 रन और हरीश ने 35 रनों का योगदान दिया। आईटीआई की ओर से उत्कर्ष व अरमान अंसारी ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि कार्तिक और शिव ने दो-दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईटीआई क्रिकेट एकडेमी ने 24.5 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 202 बनाकर जीत हासिल की। उनकी ओर से आर्य ने 50 रन, रोहित ने 44 रन, अरमान अंसारी ने 40 रन और जय यादव ने 30 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में कार्तिक, पार्थ और अभी ने दो-दो विकेट लिए। आयोजन सचिव अतहर अली ने बताया कि मंगलवार को भी प्रतियोगिता के मुकाबले खेले जाएंगे।

## आयुष्मान प्रचार वाहन को सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

» संवाददाता

मेरठ। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने एवं योजना सम्बंधित जानकारी हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी सीएमओ डा अशोक कटारियों ने दिखाई। प्रचार पर लगी एलईडी स्क्रीन के तहत यह बताया जाएगा कि जैसे कि आयुष्मान कार्ड कैसे बनाया जाता है किसका बनाया जाता है एवं इस आयुष्मान कार्ड से लाभार्थी को क्या लाभ मिल सकता है साथ ही कैंप में आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि प्रचार वाहन शहर व देहात में घुमेगा इससे लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में काफी आसानी होगी।

# कुख्यात गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड से डिपोर्ट करके लाई हरियाणा एसटीएफ

## आरोपी भुप्पी राणा गैंग और बंबीहा गैंग का है मुख्य सदस्य

» एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा में अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे गैंगस्टर साहिल चौहान (साहिल राणा) को विशेष कार्य बल हरियाणा (एसटीएफ हरियाणा) की टीम ने थाईलैंड से डिपोर्ट किया है। उसे एसटीएफ हरियाणा गुरुग्राम के भौंडसी स्थित कार्यालय लेकर पहुंची। साहिल चौहान भुप्पी राणा गैंग और बंबीहा गैंग का मुख्य सदस्य है। वह मूलरूप से अंबाला जिला के गांव शाहजादपुर का रहने वाला है। साहिल चौहान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का भी मोस्ट मांटेड है।

एसटीएफ हरियाणा की ओर से भौंडसी स्थित अपने कार्यालय में गैंगस्टर साहिल चौहान की डिपोर्टेशन को लेकर जानकारी सांझा की। इस दौरान एसटीएफ के आईजीपी बी. सथीश बालन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आरोपी साहिल चौहान भुप्पी राणा गैंग और बंबीहा गैंग का मुख्य सदस्य है, जो हरियाणा और आसपास के राज्यों में



संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। आरोपी हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, डकैती, आपराधिक धमकी तथा आर्म्स एक्ट के उल्लंघन सहित जघन्य अपराधों में शामिल है। उसका प्रभाव यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, अंबाला और पंचकूला जिलों में फैला हुआ है। आरोपी ने वर्ष 2016 में अपराध की दुनिया में कदम रखा था। उस पर 16 केस दर्ज हैं।

उन्होंने कहा कि गैंगस्टर साहिल चौहान हरियाणा में अंतरराज्यीय लिंक के साथ अपराधिक गतिविधियां करने वाला एक कुख्यात और खतरनाक अपराधी है। साहिल चौहान को मिलकर इस साल अब तक एसटीएफ की ओर से पांच अपराधियों को डिपोर्ट किया गया है। इससे पहले इस अंकित शोकीन, अमन भैंसवाल, सोमबीर मोटा, शीलू दाहर को डिपोर्ट किया जा चुका है। साहिल चौहान की ओर से बेंगलुरू कर्नाटक में एक मकान के पते पर पासपोर्ट बनवा रखा है।

एसटीएफ की ओर से 17 मार्च 2026 को उसका पासपोर्ट जब करकर उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया। इससे पहले सात जुलाई 2025 को उसकी जानकारी इंटरपोल से सांझा की गई। फिर से रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ। आरोपी के खिलाफ 26 नवंबर 2024 को दर्ज एफआईआर नंबर-187 में ओपन डेटेड गिरफ्तारी के वारंट जारी किए गए थे। ये गिरफ्तारी वारंट थाना शाहजादपुर अंबाला से जारी किया गया था। इसके अलावा आरोपी के खिलाफ कुरुक्षेत्र, पंचकूला, नारायणगढ़, यमुनानगर, बलदेव नगर अंबाला, सदर थानेसर कुरुक्षेत्र, चंडी मंदिर पंचकूला, सिटी थाना जगाधरी में केस दर्ज हैं।



## महिला नेतृत्व वाला विकास ही 'विकसित भारत-2047' की नींव : प्रियदर्शिनी

» एजेंसी। झज्जर

झज्जर स्थित भाजपा कमलम कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शिनी ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति निर्माता बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त करेगा और देश के लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाएगा। इस अवसर पर सोमवती जाखड़, सुनीता चौहान, कमलेश अत्री एवं सरोज राठी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण अब केवल समानता या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग है।

## नवनियुक्त डीसी उत्तम सिंह ने संभाला कार्यभार

» एजेंसी। गुरुग्राम

जिले के नवनियुक्त डीसी उत्तम सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय में पदभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन पर एसडीएम हितेंद्र कुमार, सीटीएम ज्योति नागपाल और डीआरओ विजय यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। डीसी उत्तम सिंह वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। अपने प्रशासनिक कॅरिअर के दौरान उन्होंने लोहारू, महेंद्रगढ़ और कोसली में एसडीएम के रूप में सेवाएं दी हैं। इसके अलावा पंचकूला, हिसार, झज्जर, सिरसा और पलवल में एडीसी के पद पर कार्य कर चुके हैं।

## स्कॉर्पियो सवार को बीच सड़क रोककर पीटा

» एजेंसी। फरीदाबाद

पीड़ित ने बताया कि वह 11 अप्रैल को रात करीब आठ बजे घर लौट रहे थे, तभी मस्जिद के पास मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उनकी कार के आगे बाइक लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने कार के अगले और साइड के शीशे तोड़ दिए और चंद्रहास को बाहर खींचकर उनके साथ मारपीट की। मारपीट के साथ ही उन पर चांदी का ब्रेसलेट और नकदी छीनने का भी आरोप है। पुलिस जांच और सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि दोनों वाहनों के बीच टक्कर होने के बाद यह विवाद शुरू हुआ था।

# मेगा जॉब फेयर में 872 युवाओं को मिला रोजगार

» एजेंसी। फरीदाबाद

फरीदाबाद स्थित लिंग्याज विद्यापीठ में आयोजित दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर में दूसरे दिन भी उत्साह अपने चरम पर देखने को मिला। दिल्ली एनसीआर सभी यूनिवर्सिटीज से दोनों दिनों में 2164 छात्रों ने जॉब फेयर में साक्षात्कार दिए। पहले दिन की शुरुआत के बाद दूसरे दिन शेष कंपनियों ने भाग लेते हुए भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, जिससे युवाओं को और अधिक रोजगार अवसर प्राप्त हुए। इस अवसर पर विभिन्न सेक्टरों-आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, बैंकिंग, हेल्थकेयर, रिटेल और मार्केटिंग-की कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने बड़ी संख्या में उम्मीदवारों का चयन किया। कार्यक्रम के दौरान चयन प्रक्रिया में ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और स्किल टेस्ट का आयोजन जारी रहा। युवाओं ने पूरे आत्मविश्वास और तैयारी के साथ भाग लिया, जिसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस




दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर के अंत तक 872 युवाओं का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि संस्थान के लिए भी गर्व का विषय है। चयनित अभ्यर्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, वहीं अन्य प्रतिभागियों को भी भविष्य के लिए मार्गदर्शन और अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के संदेश को आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विधायक धनेश अदलखा द्वारा दिए गए सुझावों को भी छात्रों ने गंभीरता से लिया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पिचेश्वर गड्डे और वाइस चांसलर मेजर जनरल डॉ. योगेश चौधरी ने इस आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जॉब फेयर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

## दुकानों में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

» एजेंसी। फरीदाबाद

प्रेस कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के पास तीन से चार दुकानों में अचानक आग लग गई। इस हादसे में दुकानों के भीतर रखा प्लास्टिक, स्टील और कपड़ों का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के सही कारणों की जांच कर रही है। प्रेस कॉलोनी के शिव मंदिर के पास टिनशेड की छोटी-छोटी दुकानें हैं। रविवार सुबह करीब सवा दस बजे स्थानीय लोगों ने एक दुकान से धुआं निकलता देखा। लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत दुकान मालिकों और फायर ब्रिगेड को दी। जवाहर कॉलोनी निवासी महेंद्र ने बताया कि वह शनिवार रात दस बजे अपनी दुकान बंद करके गए थे। रविवार होने के कारण वह दुकान शाम को खोलने वाले थे लेकिन सुबह पड़ोसियों ने उन्हें आग लगने की सूचना दी। महेंद्र की दुकान में प्लास्टिक का सामान और स्टील के बर्तन रखे हुए थे।

# तैराक काम्या ने रचा इतिहास, समुद्र की ऊंची लहरों को चीरते हुए बनाया नया रिकॉर्ड

» एजेंसी। गुरुग्राम

समुद्र में 58 किलोमीटर दूरी 18.15 घंटे में तैरकर तय करने वाली गुरुग्राम की तैराक काम्या भारद्वाज ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 19.20 घंटे का त्रिपुरा की सुचेता दास बर्मन के नाम था। काम्या ने ओपन वाटर स्विमिंग अकादमी तैनी के नेतृत्व में 12 अप्रैल दोपहर डेढ़ बजे भारत के धनुष्कोडी-समुद्र क्षेत्र से श्रीलंका के थलाईमन्नार पर पहुंचने के लिए तैराकी शुरू की थी। थलाईमन्नार पहुंचकर काम्या ने फिर वहां से वापसी करते हुए धनुष्कोडी पर अपनी तैराकी 13 अप्रैल सुबह 7.45 बजे समाप्त की। 29 किलोमीटर तैराकी एक तरफ की थी। इस दौरान काम्या ने कोई आराम नहीं किया।

काम्या ने बताया कि तैराकी समुद्र के उसी क्षेत्र से होती हैं, जहां पर समुद्र शांत होता है और ऊंची लहरें नहीं होती है लेकिन, रात को श्रीलंका से भारत वापस लौटते समय समुद्र में ऊंची लहरों ने उनके लिए मुश्किलें खड़ी की थी। बताया कि उनके लिए यह कल्पना से बाहर था, क्योंकि जिनके नेतृत्व में तैराकी की जा रही थी उन विशेषज्ञों का कहना था कि समुद्र में इस समय लहरें नहीं होती है।

काम्या ने कहा कि एक बार उन्हें लगा था कि लहरों के कारण उनका लक्ष्य समय पर हासिल नहीं होगा क्योंकि वह अपना नया रिकार्ड बनाने के लिए गई थी लेकिन उन्होंने हौसला नहीं हारा। काम्या ने कहा कि ऊंची लहरों के कारण विशेषज्ञों ने उन्हें कहा भी लहरों में तैरना सही नहीं है इस लिए वोट पर आए जाए लेकिन उन्होंने विशेषज्ञों की सलाह को नहीं माना और लक्ष्य हासिल करने के लिए तैरती रही। वह समुद्र में उठती ऊंची लहरों को चीरते हुए पार करने और नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रही। इस की बहुत खुशी है। काम्या दिल्ली विश्वविद्यालय दयाल सिंह कालेज में बीएससी जूलाजी आनर्स की छात्रा है।

## बल प्रयोग के विरोध में फरीदाबाद में भी प्रदर्शन

» एजेंसी। फरीदाबाद

मानेसर में मजदूर आंदोलन पर हुए कथित पुलिसिया दमन के खिलाफ अब फरीदाबाद में भी कर्मचारी और मजदूर संगठन लामबंद हो गए हैं। संगठनों ने 16 अप्रैल को शहर में विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है, जिससे स्थानीय स्तर पर भी यह मुद्दा गरमाने लगा है। कर्मचारी संघ के नेता सुभाष लांबा ने बताया कि सीटू के आह्वान पर फरीदाबाद में भी विभिन्न विभागों के कर्मचारी और मजदूर एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मानेसर में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे मजदूरों पर बल प्रयोग और 55 मजदूरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करना लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि फरीदाबाद में आंदोलन को दबाने और श्रमिक नेताओं को डराने-धमकाने के लिए पुलिस की ओर से नोटिस भेजे जा रहे हैं जिस पर संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से मजदूरों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

# फाइट नाइट दंगल में हरियाणा ने जीते छह पदक

» एजेंसी। गुरुग्राम

सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रविवार शाम को इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन (आईएबीएफ) के फाइट नाइट दंगल : रोड टू लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक गेम्स का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा और दिल्ली के बीच हुए इस मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इन मुकाबलों में हरियाणा के छह खिलाड़ी विजेता रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर आईएबीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने कहा कि फेडरेशन देश की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो खिलाड़ियों को रिंग के अंदर ही नगद पुरस्कार प्रदान कर रही है व उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेल नीति से प्रेरणा लेकर इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रतियोगिता में कुल नौ मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। आधिकारिक परिणामों के अनुसार, 50 किग्रा वर्ग में आयुष ने तरुण को हराया, जबकि 66 किग्रा महिला वर्ग में रानी देवी ने जीत दर्ज की। 82 किग्रा वर्ग में शिवा ठाकरान विजेता रहे। 57 किग्रा वर्ग में हर्ष नागर ने अंश को पराजित किया। वहीं, 53 किग्रा महिला वर्ग में आरजू विजेता रहीं।

61 किग्रा वर्ग में महेश ने योगेश को हराया। 72 किग्रा वर्ग में अमन दूहान ने जीत दर्ज की। 57 किग्रा महिला वर्ग में शिवानी दहिया विजेता रहीं, जबकि 79 किग्रा वर्ग में परवेश कुमार ने साहिल कश्यप को हराकर मुकाबला अपने नाम किया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844